## खबर संक्षेप



### राजकीय माध्यमिक विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता

**करनाल।** हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल और नोडल अधिकारी दीपक वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड के 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय थेः कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की नैतिकता, अंतरिक्ष अन्वेषण के लाभ, डिजिटल गोपनीयता, राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बाढ़ का प्रभाव और जटिलताएं। टॉप दस प्रतिभागियों में डी पी एस करनाल की आरना बंसल, आर एस पब्लिक स्कूल की तनीषा और इशिका, गुरुनानक गर्ल्स स्कूल की गुरप्रीत, पी एम श्री पधआना की मुस्कान आदि शामिल रहे।



### 8 अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की तोड़फोड़

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि घरौंडा में आठ अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ की गई। इसमें कोहण्ड कैमला रोड, पनोडी रोड और विग कॉलोनी के आसपास कच्ची सड़कों पर सख्त कार्रवाई की गई। गुंजन ने नागरिकों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण न करें, अन्यथा प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ की जाएगी और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, नगर पालिका सचिव और थाना घरौंडा की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही।



### युवाओं की ऊर्जा से समाज से कुरीतियों दूर की जा सकती है

**कुरुक्षेत्र।** राज्य स्तरीय हरियाणा स्टेट रेड रन - 2025 एवं एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के तत्वावधान में बुधवार को किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के चौदह जिले के 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रेड रन के आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने फ्लैग ऑफ करके रेड रन का शुभारंभ किया। प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने प्रतिभागियों को जीवन में उत्साह से कार्य करने एवं एड्स के निमित्त बने कारणों से बचाव के लिए प्रेरित किया।

### रोटी बैंक पुलिस और जनता का सांझा प्रयास

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा झुग्गी झोपड़ी और आयुर्वेदिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति यह भोजन अलग अलग स्थानों पर वितरित किया जाता है। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचे और वहां पहले से उपस्थित रोटी बैंक के कार्यकर्ता डॉ. एमएम सिंह ने भोजन वितरण किया. बता दें कि रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन आयुर्वेदिक अस्पताल में दूध और फलाहार की सेवा प्रातः काल में की जाती है।

---

भव्य समारोह में विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने दिलाई जिम्मेदारी

# शिवनाथ कपूर बने नीलोखेड़ी मार्केट कमेटी के अध्यक्ष

## मलखान सिंह ने वाइस चेयरमैन पद का कार्यभार संभाला

- विधायक कबीरपंथी ने कहा- सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है।
- शिवनाथ कपूर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार जताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीलोखेड़ी /तरावड़ी

हरियाणा सरकार द्वारा मार्कीट कमेटी नीलोखेड़ी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किए गए भाजपा नेता शिवनाथ कपूर ने चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन मलखान सिंह ने आज नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में शिवनाथ कपूर एवं वाइस चेयरमैन मलखान सिंह ने मार्केट कमेटी में दायित्व ग्रहण किया ।इस अवसर पर शिव नाथ कपूर कहा कि वह हरियाणा सरकार के आभारी है जिन्होंने इस पद पर उनकी नियुक्ति की है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसे ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यप्राणयता से निभाएंगे। नीलोखेड़ी के बजरंग दल भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री शीशपाल मेहता, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, कवींद्र राणा, संजय भठला, भारत भूषण जुवाल तथा निगदू,निसिंग,तरावड़ी, करनाल एवं,जुंडला के नवनियुक्त मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवम वाईस चेयरमैन भी मुख्य रुप से उपस्थित थे।





नीलोखेड़ी /तरावड़ी। कार्यक्रम मे उपस्थित विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक जगमोहन आनन्द, व अन्य भाजपा नेता, शिव कपूर को कुर्सी पर बिठाते विधायक भगवानदास कबीरपंथी

### विधायक भगवानदास कबीरपंथी बोले, सैनी सरकार किसान हितैषी, कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मान

नगर पालिका के अध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा भाजपा नेता सतनाम सिंह आहूजा तथा नगर पार्षद, भाजपा नेत्री मीना चौहान सहित इस विधानसभा के भाजपा के काफी संख्या में पदाधिकारी ,राजपाल नंबरदार, मुकेश भारती,साहिल मदान, विकास कथूरिया,संजय राणा,विनोद गोंदर,कर्मवीर शर्मा, अमनदीप सिंह,जय भगवान सीकरी,विनोद मलिक, बलबीर शर्मा,उद्योग पति रमेश गुप्ता,नरेश बंसल, संयोगिता गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।मंच संचालन राजबीर शर्मा और राजेश शर्मा ने किया।विधायक भगवादास कबीरपंथी ने शिवनाथ कपूर और मलखान सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने वहां मौजूद किसानों एवं आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार किसान हित में कार्य कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है, जो छोटे किसानों के खातों में हजारों करोड़ों रुपया हर वर्ष भेज रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री ने किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए धन-धान्य योजना शुरू की है। भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि नायब सैनी की सरकार ने करीब दो दर्जन फसलों पर एमएसपी तय करके किसानों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी की सरकार लगातार किसान हित में कार्य कर रही है। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छोटे से छोटे कार्यकर्ता को कब शीर्ष स्थान पर बिठा दे कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन जो कार्यकर्ता ईमानदारी और मेहनत के बल पर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करता है उसे पार्टी मान सम्मान देने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ती। जगमोहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि शिवनाथ कपूर काफी अच्छे से भाजपा पार्टी से जुड़े हैं और उन्होंने बड़ी ईमानदारी और शिद्दत से लोगों की सेवा करने का काम किया है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शिवनाथ कपूर को मार्केट कमेटी नीलोखेड़ी के अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया है।

---



## 48वें क्षेत्रीय युवा महोत्सव में डीएवी पीजी कॉलेज की धाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में डीएवी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने 20 से अधिक पुरस्कार जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, नाट्य, वाद्य और लोक कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सामूहिक लगन, अनुशासन और सृजनात्मक सोच का परिणाम है।

प्रो. डा. रामपाल सैनी ने शिक्षकों और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों का चौमुखी विकास सुनिश्चित किया जाता है।

कार्यक्रम संयोजकों में डा. लवनीश बुद्धिराजा, डा. पूनम वर्मा, डा. बलराम शर्मा सहित कई स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव-2025 का आयोजन 3-4 नवम्बर को पंजीकरण शुरू

- प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव 3-4 नवम्बर को पंडित चिरंजीलाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होगी और पंजीकरण माई भारत पोर्टल पर अनिवार्य है। प्रतियोगिताओं में समूह लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, कविता लेखन और लोक वाद्य यंत्र शामिल हैं।

विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय 2100 और तृतीय 1100 मिलेगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे।

---

## बाल भवन में बाल दिवस-2025 प्रतियोगिताएंः बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस-2025 के उपलक्ष्य में वीरवार को बाल भवन में रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एकल नृत्य, कार्ड मेकिंग और हैंड राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल का स्वागत जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने पुष्प गुच्छ और बच्चों ने तिलक लगाकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।



### डीईओं ने शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश

डीईओ ने बच्चों के नृत्य, कार्ड मेकिंग और हैंड राइटिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए सुंदर लिखाई की बारीकियों के बारे में बच्चों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी कल के समाज का भविष्य है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि जिले भर के 46 स्कूलों से कुल 220 बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## भ्रष्टाचार पर नकेलः हरियाणा सतर्कता ब्यूरो का एआई चैटबॉट 'सतर्क' लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एआई-आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट 'सतर्क' लॉन्च किया।

पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि चैटबॉट के माध्यम से नागरिक भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं और ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। यह पहल जनता में भ्रष्टाचार विरोधी भावना को मजबूत करने और शासन में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पं. चिरंजी लाल शर्मा महाविद्यालय में अर्थशास्त्र क्विज प्रतियोगिता करवाई

- छात्रों ने अर्थशास्त्र विषय से जुड़े विविध प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पं. चिरंजी लाल शर्मा शासकीय महाविद्यालय, करनाल के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आज एक रंगारंग क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अर्थशास्त्र विषय से जुड़े विविध प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



### प्रतियोगिताओं से होता है विकास

प्राचार्या ने कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें प्रतियोगी माहौल में सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल ज्ञानवर्धक होती हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और तर्कशक्ति का विकास भी करती हैं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नीलम शर्मा द्वारा किया गया। मंच पर राजपाल, डॉ. तरुणा, डॉ. गुरचरण सिंह और डॉ. मीनू आनंद की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की सफलता की सराहना की।

---



## सेवा श्री आश्रम में प्रांत स्तर पर संस्कृति ज्ञान प्रवाह प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल।** सेवा भारती हरियाणा प्रदेश के सेवा श्री आश्रम करनाल में प्रांत स्तर पर संस्कृति ज्ञान प्रवाह प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 500 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 73 बच्चों का चयन प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। सुधीर कुमार, विभाग संघ चालक कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वयं परिणाम जाँच कर निकाले। कक्षा 8-12 में हिसार छात्रावास के अभिषेक व प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि करनाल छात्रावास के पवित्र, मनीष व मोहित ने द्वितीय स्थान और करनाल छात्रावास के अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रावास कक्षा 6-8 में आकाश करनाल छात्रावास व रुद्र हिसार छात्रावास प्रथम स्थान पर रहे। बाल संस्कार केंद्र व सिलाई-कंप्यूटर केंद्र के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षक विपिन अरोड़ा, उर्मिला अरोड़ा, निर्मला, देवेंद्र रोहिल्ला, राजकुमार बहल उपस्थित रहे।

## किसानों की बढ़ती परेशानियों पर भाकियू सर छोटूराम की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में किसानों की बढ़ती परेशानियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) सर छोटूराम ने गहरी चिंता व्यक्त की है। मंडियां धान से भर चुकी हैं, लेकिन उठान नहीं होने की वजह से किसान मायूस हैं। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि अधिकारी और व्यापारी मिलकर किसानों के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही हाल रहा, तो अन्नदाताओं के परिवारों के लिए इस वर्ष दीवाली का त्यौहार फीका रह जाएगा।



### धान का उठान नहीं हो रहा

बलड़ी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री 72 घंटे में फसलों के भुगतान का वादा करते हैं, लेकिन मंडियों में किसान अपनी धान बेच चुके हैं और उठान नहीं हो रही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार किसानों को खुश नहीं देखना चाहती। बलड़ी ने उदाहरण देते हुए बताया कि उनके किसान अमन की धान छह दिन पहले तौलकर बेच दी गई थी, लेकिन आज तक कोई पेमेंट नहीं आई। उन्होंने मुख्यमंत्री से सख्त निर्देश जारी कर मंडियों में धान के उठान को सुनिश्चित करने की मांग की।



## गुरु नानक खालसा कालेज में 'प्लास्टिक हटाओ अभियान': विद्यार्थी बने जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल के सहयोग से गुरु नानक खालसा कालेज में विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

कालेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह ने बताया कि निगम की टीम ने शेरू के माध्यम से विद्यार्थियों को सचेत किया। निगम के ट्रिगर मास्टर गुरुदेव सिंह ने कहा कि नैनो प्लास्टिक हमारे खाद्य पदार्थों में जाकर मानसिक संतुलन प्रभावित कर सकता है।

कालेज ने नगर निगम के तीन साल के सर्वेक्षण में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों और स्टाफ ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान दिया।

---

### पुलिस कर्मियों को फर्स्ट ऐड व सीपीआर प्रशिक्षण दिया

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रेडक्रॉस भवन में बेसिक फर्स्ट ऐड और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि यह प्रशिक्षण ट्रैफिक पुलिस और पीसीआर/डायल 112 ड्यूटी कर्मियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी ने दो बैचों (प्रत्येक 30) को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थल पर पुलिस कर्मियों द्वारा सीपीआर तकनीक का उपयोग जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

छात्राओं ने रामायण प्रसंगों पर दी मनमोहक प्रस्तुतियां

## दीपावली मिलन उत्सव में सांसदों की उपस्थिति ने बढ़ाई गरिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ असंध/करनाल

जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध में दीपावली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद उत्तराखंड डॉ. नरेश बंसल, राज्यसभा सांसद हरियाणा रामचंद्र जांगड़ा और विशिष्ट अतिथि असंध विधायक योगेन्द्र राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने रामायण प्रसंग आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और महाविद्यालय में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

डॉ. नरेश बंसल ने महाविद्यालय को 5 लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए नई शिक्षा नीति को विद्यार्थियों के लिए हितकारी बताया। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से भारत आत्मनिर्भर बन सकता है।



### सांसद ने शिक्षा और संस्कारों पर जोर दिया

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव सशक्त शिक्षा प्रणाली और मूल्यनिष्ठ संस्कारों पर टिकी होती है। उन्होंने महाविद्यालय के विकास हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाना है, ताकि कोई भी नागरिक पीछे न रह जाए। इस अवसर पर असंध विधायक योगेंद्र राणा ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और महाविद्यालय के उन्नयन के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सांसद और विधायक की यह पहल छात्रों के मनोबल को बढ़ाएगी और उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा की दिशा में प्रेरित करेगी।

## खबर संक्षेप

### पराली नहीं जलाने की अपील

**पानीपत।** कृषि निदेशक आत्माराम गोदारा ने जिले के सभी किसानों से पराली न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है और जन स्वास्थ्य तथा मिट्टी की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, जो एक कानूनी अपराध है। उन्होंने किसानों से पराली प्रबंधन के लिए विभाग द्वारा सुझाए गए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर जैसे वैकल्पिक यंत्रों का उपयोग करने का अनुरोध किया। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में फसल अवशेष जलाने की किसी भी घटना को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते सादा पुत्र महमूद निवासी विजय नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे के नंबरों की पर्ची व दाव पर लगी चार हजार 560 रुपये की नगदी बरामद की है। थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि आरोपी सादा के खिलाफ थाना किला पुलिस में गेंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### किसान सभा ने शोक जताया

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक में जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने एडीजीपी वाई पूरण कुमार व साइबर क्राइम के एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्याओं पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। बैठक में सुनील दत्त, दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, कुंवर सिंह छोक्कर, सत्यनारायण शर्मा, विष्णु शर्मा, नरेंद्र सिंह, दलवीर नबंरदार, एसए खान, रामरूप सैनी, शीशपाल शर्मा, सुरेश, रामकिशन कुंडू, मंगल सिंह, हरिराम शर्मा, राजवीर मलिक व रोहतास आदि उपस्थित रहे।

### छठ पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने छठ पूजा को लेकर प्रदेश भर में सफाई और प्रदूषण नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए पानीपत प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पानीपत में नदियों के पास स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और ईटीपी (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थिति की जानकारी ली और इनके सुचारु संचालन के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि छठ पर्व, जो दिवाली के छह दिन बाद मनाया जाता है, श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। इसको ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हरियाणा सरकार की वर्षगांठ आज

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## शहीद उद्यम सिंह राजकीय महाविद्यालय में आयोजित महोत्सव

# युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज की 20 वर्षों से बादशाहत बरकरार



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता को ट्राफी सौंपते हुए विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा करनाल के इन्द्री के मटक माजरी में स्थित शहीद उद्यम सिंह राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुए करनाल जोन के 48 वें युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। युवा महोत्सव में आर्य पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 48वें युवा महोत्सव में लगातार 20वीं बार ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर अपनी बादशाहत को बरकरार रखते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। आर्य कॉलेज की प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, उपप्रधान विरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता समेत शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के सभी सदस्यों ने बधाई दी व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों निदेशक रामनिवास, प्रभारी डॉ. नीलू खालसा व सभी प्राध्यपकों की प्रशांसा करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि आर्य कॉलेज इस प्रकार की उपलब्धियों से सांस्कृतिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

**युवा महोत्सव के तीनों ही दिन आर्य कॉलेज की प्रस्तुतियों का ही जलवा रहा**

### विद्यार्थियों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया

इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि करनाल जोन के 48 वें युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर इस साल की दीपावली का तौहफा देकर हमें गौरवांवित करने का काम कर दिया है। उन्होंने कहा की युवा महोत्सव के तीनों ही दिन आर्य कॉलेज की प्रस्तुतियों का ही जलवा रहा। उन्होंने बताया कि इस शानदार उपलब्धि श्रेय विद्यार्थियों के अथक परिश्रम व प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया की पढाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों और खेल-कूद की गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

# इंसान के दुश्मन हैं आलस्य व तनाव

- एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने रेनु सैनी का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पीसीसी एकेडमी में मशहूर इन्फ्लुएंसर रेनु सैनी ने शिरकत की। वहीं, एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने रेनु सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे पानीपत के लिए यह गर्व की बात है की रेनु गृहिणी महिला होने के साथ सरहानीय कार्य कर रही है। इधर, रेनु ने सभी बच्चों को कहा कि कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता, काम काम है और सभी को अपना काम मेहनत व ईमानदारी से करना चाहिए।



पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी, अतिथि रेनु सैनी का स्वागत करते हुए।

### हर नागरिक को तनाव से बचना चाहिए

जबकि एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा कि आलस्य व तनाव इंसान का सबसे बडा दुश्मन है। इससे हर नागरिक को बचना चाहिए। शिल्पा परुथी ने कहा रेनु जो समाज में छोटे बड़े व्यापारियों की बातों को आम जनता तक पहुंचा रही है। इस अवसर पर रेनु सैनी के पति रमन सैनी, अंजलि, नव्या, श्रुति, जतिन, जयदीप, काजल व महक आदि उपस्थित रहे।


लाठी प्रतियोगिता में विजेता एमजेआर के खिलाडी कंवर रविंद्र के साथ।

# लाठी प्रतियोगिता में छाए एमजेआर के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

प्रथम हरियाणा लाठी प्रतियोगिता का आयोजन सूरज स्पोर्टस एकेडमी में हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं कोच मुकेश सरोहा ने बताया कि एमजेआर कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों राशि ने स्वर्ण पदक व रोशन व और यश सरोहा ने रजत पदक जीते। जबकि एमजेआर कराटे एकेडमी में पहुंचने पर कंवर रविंद्र सैनी ने विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वद दिया। इस अवसर पर एमजेआर संस्थान के महाप्रबंधक व कराटे कोच मुकेश सरोहा, जयंतिका व काशवी उपस्थित रहे।

### जु-जित्सु में संजीव तोमर ने जीते दो गोल्ड मेडल



**पानीपत।** राष्ट्रीय सीनियर जु-जित्सु प्रतियोगिता में गांव इसराना के निवासी संजीव तोमर ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। जु-जित्सु संघ इंडिया का आयोजन सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वहीं, दो स्वर्ण पदकों के साथ, संजीव का चयन थाईलैंड के बैंकॉक में होने वाली वर्ल्ड जु-जित्सु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संजीव के फिटनेस कोच प्रवीण नंदन ने बताया कि जु-जित्सु एक ब्राजीलियाई व जापानी मार्शल आर्ट है। वहीं हरियाणा जु-जित्सु संघ के महासचिव जितेंद्र पांचाल व प्रधान बलविंदर सिंह ने संजीव तोमर को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।

# हरियाणा में चरमराई कानून व्यवस्था : दुष्यंत

- मंडियों में किसानों की धान को कम दाम मिल रहे है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



जजपा की बैठक में मंचासीन पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आदि। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में जननायक जनता पार्टी (जजपा) की पानीपत जिला स्तरीय बैठक हुई। वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बैठक में अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने ऐसी दुर्दशा पहले कभी नहीं देखी। आज प्रदेश में रोजाना हत्या, रेप और डकैती जैसी घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। सीएम की बैठकों में खुद यह बात सामने आती है कि अधिकारी और विभागीय व्यवस्था पर उनका नियंत्रण नहीं है। अगर सीएम के पास ताकत नहीं है, तो सरकार पूरी तरह फेल है। उन्होंने, प्रदेश में किसानों की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में किसान अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है और मंडी व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

### जजपा ने जनता की तन, मन, धन से सेवा की

पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाएंगे और हर वर्ग के हक की लड़ाई लड़ेंगे। इधर, जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि जजपा का गठन जनता की सेवा के लिए किया गया था, सत्ता में रहते जजपा ने जनता की तन, मन, धन से सेवा की। वहीं, अब जजपा विपक्ष में रहते हुए जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है। बैठक में जजपा प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, जिलाध्यक्ष रामनिवास पटवारी, देवेंद्र कादियान, फूलपति, अजय सिंह बिंझौल समेत बडी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्धनों को स्वास्थ्य सेवाएं देना पुण्य कार्य


**पानीपत।** राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी में नागरिकों की आंखें जांचते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.संतोष कुमार व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 65 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें चार व्यक्तियों के मोतियाबिंद है उन्हें मधुबन अर्पणा अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन किए जाएंगे। निर्धनों को स्वास्थ्य सेवा देना पुण्य कार्य है। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड के उप प्रधान सुंदर लाल वधवा, रामसरूप चावला, राकेश आनंद, सुमित , श्याम सुंदर ग्रोवर, तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, हितेश आंनद, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एनसी मेडिकल कॉलेज में जनसंख्या स्वास्थ्य अनुसंधान का शुभारंभ


**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर्स व स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गांव इसराना में वीरवार को जनसंख्या स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यक्रम के मूल सिद्धांतों का आधिकारिक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिका के मेम्फिस स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ विश्वविद्यालय के डीन और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय प्रो.डॉ.आशीष जोशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ.जोशी ने चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर बीमारियों की रोकथाम में अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र में कुल 24 प्रतिभागी शामिल हुए। कॉलेज प्रबंधन का प्रतिनिधित्व करते हुए मेजर जनरल डॉ.पीके सिंह वीएसएम ने डॉ.जोशी और उनकी टीम को पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान किया। स्नातकोत्तर अध्ययन निदेशक डॉ.बीके गुप्ता ने अतिथि संकाय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अकादमिक संकायाध्यक्ष डॉ.निवेदिता पांडे और एमईयू समन्वयक डॉ.ईशा गुप्ता सहित अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# बलिदान दिवस पर राम सिंह को दी श्रद्धांजलि

- पत्नी किशनी देवी को एक प्रशंसा पत्र व बलिदानी के नाम की एक ट्रॉफी से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


शहीद राम सिंह की वीरांगना पत्नी किशनी देवी को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा के जिला के पूर्व सैनिकों ने गांव बराना के 1971 भारत-पाक युद्ध में बलिदान हुए हवलदार राम सिंह के बलिदान दिवस पर गांव बराना पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके घर वालों को सम्मानित किया। संगठन के सदस्यों ने शहीद की पत्नी किशनी देवी को एक प्रशंसा पत्र व बलिदानी के नाम की एक ट्रॉफी से सम्मानित किया।

### ये मौजूद रहे

उन्होंने सरपंच से मांग की कि बलिदानी के नाम से गांव के अंदर किसी स्कूल का नाम या अस्पताल का नाम होना चाहिए। इस मौके पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष राजवीर शर्मा, स्वयं सेवक संघ से सत्यवान, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सदस्य कैप्टन जयभगवान, सूबेदार जयभगवान, हवलदार महेंद्र खेड़ा, महेंद्र, वेद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने मनमोहक रंगोली बनाई

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में दीपावली के पर्व पर रंगोली बनाओ, दीया, मोमबत्ती सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता अंतर सदनीय थी। वहीं, राधाकृष्णन सदन ने प्रथम, टेरेसा सदन ने द्वितीय व टैगोर सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। दीया व मोमबत्ती सजाओं प्रतियोगिता में यश प्रथम, निशिता द्वितीय, तन्मय ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन आदि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।


**पानीपत।** जीडी गोयंका स्कूल में रंगोली का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया


**पानीपत।** आईबी कॉलेज के टीचर्स के साथ विजेता स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब ने नशे के विरूद्ध स्कूल में कार्यक्रम किया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संबोधन में बताया कि नशा कमियों को छुपाने का एक तरीका मात्र है। नशा से किसी का भी दुःख दर्द कम नहीं होता बल्कि नशा धीरे-धीरे उस व्यक्ति को समाप्त कर देता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आहवान किया। उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा जीवन का नाश कर देता है। शुरू में फैशन के तौर पर किया गया नशा अंततः आपके जीवन की बलि ले लेता है। नशामुक्त युवा ही मजबूत समाज और समृद्ध देश का निर्माण कर सकता है। 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब' के संयोजक अजयपाल ने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य ही युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक करना है। वहीं, कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. निर्मला, डॉ. नरवीर, सोनिया विरमानी, राहुल, अजय कुमार, निशा गुप्ता, बिमला, विष्णु आदि ने भी नशे के विरूद्ध जागरूक किया।

## एसडी कॉलेज की खिलाड़ियों ने केयूके की फेंसिंग चैंपियनशिप में जीते गोल्ड मेडल

# अनुशासित मेहनत से मिलती है सफलताः डॉ. अनुपम

दोनों खिलाड़ियों ने प्रदर्शन के आधार पर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की खिलाड़ियों खुशी और खुशबू ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की फेंसिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर तहलका मचा दिया है।

फेंसिंग चैंपियनशिप की एप्पे विधा में खुशी ने और साबरे विधा में खुशबू ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं, दोनों खिलाड़ियों ने प्रदर्शन के आधार पर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। विजेता खिलाडियों का भव्य स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ.सुशीला बेनीवाल, कोच अंकुश मलिक, प्रो.रेखा, प्रो.नीलम, प्रो.आनंद, ग्राउंडसमैन प्रताप सिंह आदि ने किया।


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्या डा.अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने खुशी और खुशबू की तारीफ करते हुए कहा कि खुशबू इससे पहले भी एशियन कैडेट फेंसिंग चैंपियनशिप, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में एक गोल्ड मेडल, जूनियर स्कूल गेम्स में एक गोल्ड मेडल, नेशनल गेम्स में दो गोल्ड, दो सिल्वर और दो कांस्य मेडल, स्टेट लेवल गेम्स में चार गोल्ड, पांच सिल्वर और 17 ब्रॉज मेडल जीत चुकी है। जिला स्तर पर भी खुशबू फेंसिंग में 21 से अधिक मेडल जीत चुकी है। वहीं प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने दोनों विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये दोनों खिलाड़ी समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और मेहनत की मिसाल हैं। ये गुण किसी भी खिलाड़ी के लिए उपलब्धि को प्राप्त करने के मूल मन्त्र हैं। इस अवसर पर डॉ.सुशीला बेनीवाल, डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.रेखा, प्रो.नीलम, प्रो.आनंद, दीपक मितल व प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

